卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 334 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦15 सितम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## केजरीवाल ने किया इस्तीफे का ऐलान

### दो दिन बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे केजरीवाल

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।आबकारी नीति 'घोटाला' मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के दो दिन बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रविवार को आम आदमी पार्टी के मुख्यालय पहुंचे। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने के बाद सीएम केजरीवाल कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान सीएम केजरीवाल ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि मैं दो दिन बाद सीएम पद से इस्तीफा दूंगा। उन्होंने कहा कि मैं तब तक सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा, जब तक जनता अपना फैसला नहीं सुना देती कि केजरीवाल ईमानदार है। केजरीवाल ने कहा कुछ लोग बोल रहे हैं,



कि सुप्रीम कोर्ट ने कुछ कंडीशन लगाई है, पिछले 10 साल में इन्होंने कंडीशन लगाने में कोई कसर छोड़ी थी। केंद्र सरकार ने कानून बनाकर मेरे काम बंद करने की कोशिश की। इन कंडीशन को भी देख ली है। अगर आपको लगता है केजरीवाल ईमानदार हैं तो जमकर वोट देना मेरे पक्ष में। फरवरी में चुनाव हैं। मेरी मांग है कि चुनाव तुरंत कराएं जाएं। नवंबर में महाराष्ट्र के साथ चुनाव कराएं जाएं। सीएम केजरीवाल ने कहा कि, मनीष सिसोदिया ने भी कहा है कि वह भी डिप्टी सीएम और शिक्षा मंत्री का पद तभी संभालेंगे जब जनता की अदालत से चुनकर आ जाएं। इस दौरान केजरीवाल ने कहा सतेंद्र जैन, अमानतुल्ला खान भी जल्दी बाहर आएंगे। दिल्ली के लोगों ने हमारे लिए प्रार्थना की, मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं।। मैंने जेल में कई किताबें पढ़ीं –रामायण, गीता.. (शेष पृष्ठ सात पर)

## राहुल के खिलाफ सिख समाज में उबाल

काशीपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा पिछले दिनों अमेरिका में अपने बयानों के दौरान किए गए सिख समाज के अपमान को लेकर समूचे देश के साथ–साथ यहां काशीपुर में भी लोगों में भारी आक्रोश है। इसी को लेकर गुस्सा आए सिख समाज के तमाम लोगों ने आज महाराणा प्रताप चौक पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन किया। वक्ताओं ने कहा कि सिक्ख समाज ने मुगल काल की क्रूरता काल से ही राष्ट्र एवं ध र्म के प्रति सदैव त्याग, तपस्या और बलिदान दिया है। चाहे वह भारतीय सेनाओ में रहकर देश की सीमाओं की रक्षा करते हुये अपनी जान न्यौछावर करने का संबंय हो या देश में डॉक्टर, इंजीनियर, पायलट, आई०एस या पी०सी०एस० के रूप में सेवा देने का सबंध हो। भारत माता की आजादी के लिये सिक्खों का फांसी के तख्ते पर चढ़ जाना या कालेपानी की धार यातनायें झेलते हुये जेलों में रहने का विषय हो। प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले सिख रहे हैं। लेकिन अमेरिका में कॉंग्रेस के मन्द बुद्धि नेता राहुल गांधी द्वारा सिक्खों का घोर अपमान करते हुए यह मानक एवं झूठा ब्यान दिया कि भारत में चिल्खों का आनबान शान पगड़ी, व कड़ा पहनने नही दिया जा रहा है एवं उनकी अटूट आस्था के प्रतीक गुरुद्वारे में जाने पर भी रोक है, जोकि सिक्खों के लिये राहुल गांधी का भयंकर झूठ व असत्य बयान व असहनीय दुष्प्रचार है। जिसका सिक्ख समाज पुरजोर (शेष पृष्ठ सात पर)



## गंगा में बहे दो किशोर, एक का शव मिला

ऋषिकेश (उद संवाददाता)। रविवार सुबह कुनाऊ गांव के पास गंगा दो किशोर गंगा में बह गए। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम ने सर्च अभियान चलाकर एक किशोर का शव बरामद कर लिया जबकि दूसरे किशोर की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह लक्ष्मण झूला क्षेत्र के कुनाऊ के पास गंगा में नहा रहे बीस बीघा क्षेत्र के निवासी दो किशोर 15 वर्षीय ईशान बिजलवान और 15 वर्षीय दीपेश रावत अचानक तेज बहाव में बह गये। आस पास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और तुरंत सर्च अभियान शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद एसडीआरएफ डीप डायवर मातवर सिंह ने गंगा की गहराई से एक किशोर का शव बरामद कर लिया। समाचार लिखने तक दूसरे की तलाश में सर्च अभियान जारी था।



## कोसी नदी में बहे तीन युवकों की तलाश में सर्च अभियान जारी

### गणपति विसर्जन के दौरान शनिवार को बह गये थे तीन युवक

काशीपुर(उद संवाददाता)। गणपति विसर्जन के दौरान कोसी नदी में बहे तीनों युवकों की तलाश में दूसरे दिन भी सर्च आपरेशन जारी रहा। समाचार लिखने तक तीनों का पता नहीं चल पाया है। बता दें कि बीते रोज शाम को गणपति विसर्जन को लेकर काशीपुर से तीन युवक दक्ष, विकास और नागेश मूर्ति विसर्जन के लिए थाना स्वार के घोसीपुरा कोसी मंदिर के पास बह रही नहर में मूर्ति विसर्जित करने के लिए आए थे। नहाते हुए दक्ष का पैर स्लिप हो गया और वह डूबने लगा। उसको बचाने के चक्कर में विकास और नागेश भी पानी में कूद पड़े और वह भी डूब गए। देर शाम तक तीनों की तलाश में सर्च अभियान चलाया गया। रात में सर्च अभियान रोकना पड़ा। रविवार सुबह पुन: सर्च अभियान शुरू किया गया। समाचार लिखे जाने तक रेस्क्यू ऑपरेशन जारी था। तीनों युवकों की बरामदगी नहीं हुई थी। उधर पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने बताया कि शनिवार शाम करीब 6 बजे के आसपास काशीपुर क्षेत्र से कुछ लोग मूर्ति विसर्जन के लिए स्वार क्षेत्र में आए थे। मूर्ति विसर्जन के दौरान एक युवक नहा रहा था उसका पैर फिसल गया, जिससे वह डूबने लगा। उसे बचाने के लिए दो लोग नदी में कूद पड़े। बचाते समय वह भी डूब गए। डूबे हुए लोगों की तलाश को रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है।



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR
SALE, PURCHASE
RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE
WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4,
Adarsh Colony, Rudrapur

## डम्पर ने बाईक सवार दो युवकों को रौंदा, हालत गंभीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: काशीपुर मार्ग पर तेल मिल के पास अनियंत्रित डम्पर चालक ने सामने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार कर रौंद दिया। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर गये। जानकारी मिलने पर पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और दोनों घायल युवकों को एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक गदरपुर से सामान लेने के लिए रूद्रपुर आ रहे थे। जानकारी के अनुसार वार्ड 3 गदरपुर निवासी राजा पुत्र हरि सिंह अपने साथी मौहल्ले के ही निवासी अमर पुत्र रामप्रताप के साथ बाईक संख्या यूके 06 एजेड 4679 पर सवार होकर सामान लेने के लिए रूद्रपुर की ओर आ रहे थे। जब वह काशीपुर मार्ग पर तेल मिल के पास पहुंचे तो पीछे की ओर से तेज गति से आ रहे डम्पर संख्या यूपी 25 जीटी 0068 के चालक ने बाईक को टक्कर मारकर कर उस पर सवार दोनों युवको को रौंद दिया। जिसके बाद दोनों युवक लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गये। जिसके बाद वहीं लोगों की भीड़ जुट गई और जाम लग गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर आ गये और लोगों की मदद से दोनों घायल युवको को उपचार के लिए 108 एम्बुलेंस से (शेष पृष्ठ सात पर)



## केस वापस नहीं लेने पर युवती को जान से मारने की कोशिश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। केस वापस नहीं लेने पर एक व्यक्ति ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवती को जान से मारने की कोशिश की। युवती का आरोप है कि उसके साथ बदसलूकी भी की गयी। यही नहीं उसके पिता को भी जान से मारने की धमकी दी गयी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रम्पुरा वार्ड नं. 23 निवासी एक युवती ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा कि उसने 3 मार्च 2024 को किशन कोली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके चलते वह 1 माह के लिए जेल भी गया था। लेकिन जब से वह जेल से आया है तब से आये दिन उसे परेशान कर रहा है। उसके हौंसले इतने बुलंद है कि वह केस वापिस लेने के लिए परिवार को जान से मारने की धमकी देता है। युवती का (शेष पृष्ठ सात पर)

## कार में 48 किलो गांजा ले जाते दो तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलभट्टा थना पुलिस ने चैकिंग के दौरान कार में अवैध गांजा ले जा रहे दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एसआई पंकज कुमार चौकी प्रभारी बरा साथी पुलिस कर्मियों हेका. ध र्मवीर सिंह, कास्टेबल दीपक बिष्ट व चारुचन्द्र पंत के साथ उत्तर प्रदेश बॉर्डर बहेडी रोड पर चैकिगं कर रहे थे । तभी पुलभट्टा की ओर से एक कार संख्या यूके 04 एल 6040 आती दिखाई दी। जब उसके चालक को रुकने का इशारा किया ता वह कार को वापस मोडने लगा। जिस पर पुलिस टीम ने कार को रूकवाकर उसमें सवार दो व्यक्तियों को पकड़कर उनसे पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम पता मुकेश कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी आर्य नगर थाना गदरपुर एवं श्रवण कुमार पुत्र महेश राजभर निवासी ढाई नंबर कोपा गूलरभोज थाना गदरपुर बताया । पुलिस ने जब कार की तलाशी ली तो पिछली सीट के नीचे 11 पैकेट्स रखे मिले । जिसमें गांजा होना बताया गया। टीम ने मामले की सूचना उच्चाधिकारियों को दी। कार सवारों ने बताया कि गांजे को वह ट्रांजिट कैम्प निवासी (शेष पृष्ठ सात पर)

## धारदार हथियारों से हमला कर श्रमिक से नगदी और मोबाइल लूटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि सिडकुल मार्ग पर हथियारबंद दो बदमाशों ने सिडकुल मार्ग पर घर वापस लौट रहे एक श्रमिक को घेरकर उस पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर उसके पास से नगदी और मोबाईल लूट लिया और धमकी देते हुए फरार हो गये। घायल श्रमिक को उपचार के लिए जिला चिकिसालय ले जाया गया। मूल रूप से ग्राम मुचैया बिसंडा थाना शीशगढ़ पीलीभीत निवासी 34 वर्षीय प्रशांत कुमार पुत्र सर्वेश कुमार यहां आजादनगर ट्रांजिट कैम्प में किरायेदार कें रूप में रहकर सिडकुल में काम करता है। उसने बताया कि गत रात्रि करीब साड़े दस बजे वह काम कर पैदल घर वापस लौट रहा था। जब वह ग्रीन प्लाई फैक्ट्री के पास पहुंचा तो अचानक दो युवक (शेष पृष्ठ सात पर)



बम्पर धमाका सेल बम्पर धमाका सेल
हर कम्पनी का माल
कम्पनी से कम रेटों पर
1 से 15 सितम्बर 2024 तक
30 % से 50 % तक की भारी छूट
हॉकिन्स, युनाइटेड, प्रेस्टीज एवं पीएनबी
के कूकर पर 45% तक विशेष छूट
बोरोसिल,मिल्टन सहित कई कम्पनियों की बोटल्स,
कप-प्लेट सहित क्राकरी के सामान पर भारी छूट
हर प्रकार की खरीदारी पर भारी छूट पाये,जल्दी आये और लाभ उठायें
आपके शहर की सबसे पुरानी दुकान
1975 से आपकी सेवा में अब नये पते पर
तीन मंजिल शो रूम में पहुंच गई है।
गोल्डन एजेन्सीज
178,सिद्धू पैलेस वाली गली,आवास विकास,रुद्रपुर

# लोहाघाट में बादल फटने मची से तबाही, दो की मौत एक लापता

चंपावत(उद संवाददाता)। चंपावत जिले के लोहाघाट के सीमांत क्षेत्रों में बारिश से भारी नुकसान हुआ है। नेपाल सीमा से लगे क्षेत्र पंचेश्वर, मटियानी, कॉमलेड़ी आदि क्षेत्रों में बादल फटने से भारी तबाही मची है। लोगों के घर खतरे की जद में आ चुके हैं। मलबे की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो गई। लोहाघाट में बादल फटने के कारण भारी तबाही मच गई है। सीमांत क्षेत्र ढोरजा में गौशाला ढहने से एक महिला की मौत हो गई। तो वहीं मटियानी में बादल फटने से गांव में मलबा आने से एक महिला की उसमें दबकर मौत हो गई। इसके साथ ही एक छात्र लापता बताया जा रहा है। पंचेश्वर में भी हर जगह तबाही नजर आ रही है। पंचेश्वर में ग्रामीणों के खेत-खलिहान बह गए हैं। इसके साथ ही एक बोलेरो व बाइक भी बह गई है। चंपावत को पिथौरागढ़ जिले से जोड़ने वाला झूला पुल सरयू नदी के उफान में



आने से खतरे की जद में आ गया है। क्षेत्र की सभी सड़कें बह चुकी हैं। जिस कारण ग्रामीणों को प्रशासनिक मदद भी नहीं मिल पाई है। दिगालीचौड़ में जेसीबी ऑपरेटर सहित खाई में समा गया। गनीमत रही कि ऑपरेटर को समय रहते बचा लिया गया। एसडीएम लोहाघाट रिंकु बिष्ट के नेतृत्व में टीमें पैदल आपदाग्रस्त क्षेत्रों में पहुंचने की कोशिश कर रही हैं। क्षेत्र के बिजली व मोबाइल सुविधा पूरी तरह बाधित हो चुकी है। तबाही से ग्रामीण काफी दहशत में है और प्रशासनिक मदद का इंतजार कर रहे हैं। टनकपुर पिथौरागढ़ ऑल वेदर सड़क पूरी तरह बंद है। बारिश ने कारण पूरे चंपावत जिले में भारी नुकसान हुआ है। क्षेत्र की सभी नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। आपदा प्रशासन के लिए बहुत बड़ी चुनौती बन गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को जल्द से जल्द आपदाग्रस्त क्षेत्रों में पहुंचकर ग्रामीणों को मदद देने के निर्देश दिए हैं। डीएम चंपावत नवनीत पांडे ने कहा प्रशासन की टीम आपदाग्रस्त क्षेत्रों में पहुंच रही हैं और ग्रामीणों को मदद पहुंचाई जा रही है। उन्होंने बताया कि जहां सड़कें बह चुकी हैं वहां टीमें पैदल पहुंच रही हैं।

## भूस्खलन से खतरे की जद में आये अस्पताल को बंद कराया

रानीखेत। शुक्रवार को भारी बारिश के बाद रानीखेत में भूल्खलन के कारण देवदार का पेड़ गिर गया था। जिसकी चपेट में आने से कई दुकानें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इसके साथ ही रानीखेत उप जिला चिकित्सालय खतरे की जद में आ गया है। खतरे को देखते हुए अस्पताल को बंद करवा दिया गया है। शुक्रवार को हुए भूस्खलन और पेड़ गिरने के बाद से रानीखेत उप जिला चिकित्सालय को बंद करवा दिया गया है। पूरे अस्पताल को खाली करवा दिया गया है। बता दें कि अस्पताल में 21 मरीज भर्ती थे। जिन्हें अब तीमारदार निजी अस्पतालों में लेकर गए हैं। बता दें कि बीते दिन अस्पताल के पास



देवदार और बांज के दो पेड़ गिर गए थे। जिस कारण अस्पताल के पीछे भारी भूस्खलन हो गया था। घटना की जानकारी के बाद संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनंद और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जिसके बाद वुडन कटर से पेड़ों को काटा गया और रास्ता खुलवाया गया। लेकिन अस्पताल भवन के खतरे को देखते हुए रोगियों को यहां से निजी अस्पतालों में शिफ्ट करवाने के बाद अस्पताल को सील कर दिया गया है।

## दुकान में हुई चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

किच्छा(उदसंवाददाता)। 7 सितंबर को नगर के अति व्यस्त चौराहे पर चोरों द्वारा एक दुकान से की गई चोरी में लिप्त दो चोरों को गिरफ्तार कर पुलिस ने घटना का खुलासा कर दिया है । एसपी सीटी मनोज कत्याल ने बताया कि नगर के डीडी चौक पर स्थित स्वीट हाउस के स्वामी प्रीतम दास पुत्र स्वर्गीय नारायण दास निवासी बलवंत कॉलोनी ने थाने तहरीर देकर कहा था कि डीडी चौक पर स्थित उनकी सुपर स्वीट हाउस की दुकान से चोरों ने लोहे का गल्ला जिसमें 90,000 रुपए थे और आवश्यक कागजात चोरी कर लिये। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की गयी। आसपास के सीसी टीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर संदिग्धों की पहचान की गयी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अभियुक्तों के मोटरसाइकिल से आने और जाने का मार्ग निर्धारित



किया गया और फोटोग्राफ के आधार पर पहचान करने के बाद मुखविर से पता चला कि चोरी की घटना में शामिल चोर ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में मोटरसाइकिल से चोरी की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना पर टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रीतम विश्वास पुत्र आनंद विश्वास निवासी गांव नेता नगर दिनेश पुर हाल निवासी ट्रांजिट कैंप व सूरज मौर्य उर्फ जलजीरा पुत्र उमेश चंद्र निवासी चामुंडा मंदिर के पास ट्रांजिट कैंप को पंचवटी कॉलोनी के पास थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के कब्जे से 2 मोबाईल फोन जो चोरी के पैसों से खरीदे थे बरामद किये गये। इसके अलावा 1 लॉकर मय लॉकर रैक, 46084 रूपये नगद बरामद हुए। इसके अलावा चोरी की एक बाइक भी बरामद की गयी। चोरी का खुलासा करने में मुख्य रूप कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा , वरिष्ठ उप निरीक्षक उमेश कुमार, उप निरीक्षक दीवान सिंह बिष्ट, उप निरीक्षक मनोज कुमार क महेश कांस्टेबल दीपक बोरा कांस्टेबल उमेश सिंह कांस्टेबल उम्मीद गिरि कांस्टेबल बसंत जोशी शामिल थे।

## शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए ईद मिलादुन्नबी : सावेद

गदरपुर(उद संवाददाता)। सोमवार को गदरपुर क्षेत्र में जश्ने ईद मिलादुन्नबी धूमधाम से मनाया जाएगा जिसके चलते शहरी एवम ग्रामीण क्षेत्र की मस्जिदों और मदरसे में नबी की शान में बैनर,लाइटिंग और सजावट भी की जा रही है गदरपुर वार्ड नंबर 1 निवासी सावेद अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को जश्ने ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में स्टंट बाजी ना करें और प्रशासन का सहयोग करें। सावेद अंसारी ने कहा कि आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से ईद मिलादुन्नबी मनाने की अपील की है उन्होंने सभी मुस्लिम भाइयों से जुलूस को अमन व



शांति के साथ निकालने और जुलूस में किसी प्रकार की आतिशबाजी से बचने की अपील की है। उन्होंने बताया कि 12वीं शरीफ का जुलूस संडे बाजार के पास से शुरू होकर मेन मार्केट होते हुए कृष्णा पेट्रोल पंप से वापसी में अनाज मंडी होते हुए वार्ड नंबर 8 के कब्रिस्तान के पास समाप्त होगा।

## छात्रावास के भोजन में कीड़े मिलने के मामले में की गई सख्त कार्रवाई

### डीएसडब्ल्यू, वार्डन, प्रबंधक और ठेकेदार को हटाया

पंतनगर। कृषि विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास के भोजन में कीड़े मिलने के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। मामले में मेस के ठेकेदार, डीएस डब्ल्यू, वार्डन, प्रबंधक, दो असिस्टेंट वार्डन और महिला चौकीदार पर गाज गिरी है। जीबी पंत कृषि विवि के सुभाष भवन (महिला छात्रावास) में बुधवार रात ठेकेदार की ओर से छात्राओं को परोसे भोजन में कीड़े निकले थे। छात्राओं ने इसकी शिकायत व्हाट्सएप से अपर आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन देहरादून से की थी।अपर आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने कुमाऊं मंडल उपायुक्त मनोज थपलियाल को कार्रवाई के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छात्रावास से खाद्य पदार्थों के 16 नमूने जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला रुद्रपुर और रुड़की भेजे। शुक्रवार को ही कुलपति के निर्देश पर मेस ठेकेदार का अनुबंध तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया।अपर मुख्य कार्मिक अधिकारी डॉ. गौहर ताज ने आदेश जारी कर अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) डॉ. बृजेश सिंह और हॉस्टल वार्डन डॉ. अंजू पाल को पद से हटा दिया। कार्मिक अनुभाग ने हॉस्टल मैनेजर बीके चौबे को पद से हटाकर उनका तबादला केवीके ग्वालदम कर दिया है। गांधी भवन की सहायक वार्डन विनीता कश्यप और सुभाष भवन की सहायक वार्डन लता बिष्ट (दोनों ठेका कर्मी) को तबादले के बावजूद पूर्व छात्रावास में ड्यूटी करने और नए छात्रावास में हाजिरी लगाने के चलते हटा दिया गया। महिला चौकीदार को भी हटा दिया गया है। कृषि महाविद्यालय के जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग विभाग के प्राध्यापक डॉ. एएस जीना को पंत विवि के नए अधिष्ठाता छात्र कल्याण का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। डॉ. जीना को इस अतिरिक्त पद के लिए विवि की प्रबंध परिषद की ओर से अनुमन्य सभी लाभ प्रदान किए जाएंगे।

## शक्तिफार्म में कई खेत नदी में समाए

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।सूखी नदी में आई बाढ़ से रुदपुर क्षेत्र के किसानों के करीब 10 एकड़ खेत नदी में समा गए। सिंचाई विभाग के एसडीओ ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। शुक्रवार को रुद्रपुर ग्राम सभा के ठाकुर नगर-जेल कैंप नंबर 1, जयंत नगर-जेल कैंप नंबर दो व तीन में सूखी नदी में भीषण बाढ़ आ गई थी। इससे काश्तकार गोविंद वाला, कार्तिक सरकार, संजीत राय, गौरांग सरदार, दुखीराम मंडल, रेवती सरदार, नारायण बाछाड़, दिलीप विश्वास, अजय मंडल, केनाराम सरदार, जुगल मंडल, अरुण वाला, भवतोष रफ्तान, नांटू मजूमदार, उपेन सरदार, राम हीरा शेफाली मंदा, तुषार मंडल, सरजीत राय सहित कई किसानों के 10 एकड़ धान, पापुलर, सोयाबीन के खेत नदी में समा गए। खेत लीज में लेकर मृनाल ने सागौन की नर्सरी लगाई थी। एक एकड़ नर्सरी भी नदी में समा गई। इससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं। भाजपा नेता संजय



बाछाड़ की सूचना पर पहुंचे सिंचाई विभाग के एसडीओ ने स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि जरूरत के हिसाब से ठोकर बनाया जाएगा। वहीं, पटवारी शेखर किसानों के नुकसान का सर्वे कर रहे हैं।

## बन्दीगृह से फरार कैदी को मुठभेड़ के बाद किया गिरफ्तार

चंपावत। लोहाघाट बंदीगृह से फरार केदी को पुलिस ने बिनवालगाव, रीठा साहिब जंगल क्षेत्र मे मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक देसी पिस्टल, एक जिन्दा व दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस टीम पर फायरिंग करने तथा अवैध हथियार रखने पर अभियुक्त के खिलाफ थाना रीठा साहिब में मुकदमा दर्ज किया गया है।27 सितंबर को चल्थी क्षेत्र मे अभियुक्त शंकर लाल चौधरी पुत्र विपत लाल चौधरी, निवासी ग्राम धर्मपुर महेंद्र नगर (नेपाल) द्वारा एक महिला के साथ बलात्कार करने के आरोप में अभियुक्त को न्यायिक बन्दीगृह लोहाघाट भेजा गया था। जो कि 12 सितंबर को बन्दीगृह, लोहाघाट से फरार हो गया था। कैदी के भागने से पूरे पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया था। पुलिस आरोपी की कलाश में जुटी हुई थी। जिसे शनिवार को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया



है। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर पर गोली लगी है। बता दें कि 13 सितंबर देर शाम थाना रीठासाहिब क्षेत्र से पुलिस को आरोपी के रीठासाहिब क्षेत्र मे बिनवालगांव जंगल क्षेत्र में होने की सूचना मिली। जिस पर थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा तत्काल बिनवाल गांव जंगल क्षेत्र में जाकर अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी गई। जंगल में अभियुक्त के दिखाई देने पर पुलिस टीम द्वारा उसे पकड़ने का प्रयास करने पर अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जिस पर पुलिस टीम द्वारा बचाव मे जवाबी फायरिंग की गई। लेकिन गिरफ्तारी से बचने के लिए भागने के दौरान गिरने से अभियुक्त को कुछ चोटे आई हैं। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त शंकर लाल को बिनवाल गाव के जंगल से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध देसी पिस्टल, एक जिन्दा व दो खोखा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पुलिस टीम पर फायरिंग करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। कैदी जेल से कैसे भागा इस बारे में पुलिस कैदी से पूछताछ कर रही है। कैदी के पकड़े जाने पर पुलिस ने राहत की सांस ली है।

## लापता किशोर को बरामद किया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मिलक रामपुर स्थित विद्यालय गुरूकुल दयानन्द सेवाश्रम से गत दिनों संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए रूद्रपुर निवासी किशोर को पुलिस ने बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार गांधी कालोनी रूद्रपुर निवासी राजेश का 15 वर्षीय पुत्र गौरव विद्यालय गुरूकुल दयानन्द सेवाश्रम, रठौंडा, मिलक रामपुर से गत एक सितम्बर को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। जिसकी सूचना सेवाश्रम के प्रधानाचार्य आदित्य शास्त्री



पुत्र समवीर सिंह ने मामले की सूचना पुलिस को दी थी । मामले पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने लापता किशोर गौरव को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जिसके गले मिलकर परिजनों की आंखों से आंसू छलक गये।

## दुकान के बाहर खड़ी स्कूटी चुराई

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। दुकान के बाहर खड़ी स्कूटी वाहन चोर ने चोरी कर लिया।वाहन चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस में की है। ईएनटी हॉस्पिटल निवासी पवेंद्र नेगी पुत्र राजेंद्र सिंह नेगी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसने अपनी स्कूटी भट्ट कालोनी में 22 अगस्त को दुकान के बाहर खड़ी की थ। कुछ देर उसकी स्कूटी मौके से गायब थी। जब उसने सीसीटीवी फुटेज चेक की तो एक व्यक्ति स्कूटी ले ताता हुआ दिखाई दिया। पीड़ित ने पुलिस से स्कूटी बरामद करने की गुहार लगाई है।

**आवश्यकता है**

रूद्रपुर में मां वैष्णो इंटरप्राईजेज डिस्ट्रीब्यूटर प्वाइंटर में कप्यूटर ऑपरेटर एवं मार्केटिंग के लिए सेल्स एक्जीक्यूटिव की। वेतन योग्यतानुसार। अनुभवी को वरीयता।

**-सम्पर्क करें-**

9837570100,8077318006

# धूमधाम से मनाया जाएगा सीएम धामी और पीएम मोदी का जन्मदिन

## जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने भाजपा सरकार की बताई उपलब्धियां

गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के साथ सेवा पखवाड़े की शुरुआत करने जा रही है । भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने अपने कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन के उपलक्ष में गोष्ठियों, प्रदर्शनियों, स्वास्थ्य शिविरों, रक्तदान शिविर , मैराथन दौड़ आदि विभिन्न कार्यक्रमों का व्यापक स्वरूप में आयोजन किया जाएगा । जिसके लिए संगठन की प्रदेश स्तरीय समिति का गठन किया गया है। गदरपुर में भाजपा के नेतृत्व में संगठन आगामी 16 सितंबर से 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़े के सभी कार्यक्रमों को संचालित किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर सेवा पखवाड़ा के लिए प्रदेश समिति का गठन किया गया है। साथ ही जानकारी दी कि हम सबके लिए हर्ष एवं गौरव का विषय है कि इस राष्ट्रव्यापी अभियान का आगाज 16 सितंबर को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व 17 सितंबर को विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के साथ किया जाएगा । साथ ही प्रदेशवासियों के लिए गर्व की बात है कि 16 सितंबर को सरकार द्वारा अनेकों ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी पार्टी, प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप सितम्बर के अवसर पर जिलों के अन्तर्गत मण्डलों में मैराथन दौड़, स्वच्छता कार्यक्रम एवं उनकी दीर्घायु के लिए अनुष्ठान एवं सेवा कार्य फल वितरण



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जन्मदिन है, बताया कि किसान कल्याण को प्राथमिकता के साथ-साथ अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के सर्वांगीण विकास हेतु डबल इंजन की में अनेकों सेवा के कार्यक्रम के साथ मनाने जा रही है। जिसके तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती एवं गांधी जयंती के कार्यक्रमों को मनाया जाएगा। सर्वप्रथम मुख्यमंत्री धामी के जन्मदिवस 16 आदि का आयोजन होगा।इसके उपरांत विभिन्न सामाजिक संगठनों, ब्लड बैंकों, भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी और जिला स्वास्थ्य विभागों के समन्वय से 17 सितम्बर को सभी जिलों में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। 18 सितम्बर से 24 सितम्बर तक स्कूल एवं अस्पताल परिसरों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत स्कूल एवं अस्पताल परिसर की पुताई के साथ स्कूलों एवं अस्पतालों को आवश्यक वस्तुएं और उपकरण भी दिए जाएंगे। पेरिस पैरालंपिक-2024 में खिलाडियों द्वारा अभी तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों के उत्साहवर्द्धन हेतु जिला मुख्यालयों में अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। जिसमें उन कार्यक्रमों में जिले में निवास करने वाले राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के खिलाड़ियों को आमंत्रित करते हुए उनका सम्मान किया जाएगा।इसी क्रम में 23 सितम्बर को 'आयुष्मान भारत योजना के शुभारंभ के दिन प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। सांसदों, विधायकों, अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों एवं विभिन्न बोर्डों और निगमों के अध्यक्षों को इस स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।वहीं 16 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक बड़े पैमाने पर एक विशाल वृक्षारोपण अभियान एवं "एक पेड़ माँ के नाम' अभियान चलाया जाएगा। 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम के साथ उनके जीवन और योगदान को याद किया जाएगा । 2 अक्तूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमाओं के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा एवं पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। सभी मंडलों में स्वच्छता कार्यक्रम मंदिरों, अन्य धार्मिक स्थलों और पार्कों आदि सार्वजनिक में किए जाएंगे । इस दिन सभी कार्यकर्ताओं द्वारा खादी और ग्रामोद्योग की बढ़ावा देने के प्रयास किए जाएंगे। दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, मंडल महामंत्री अभिषेक वर्मा, युवा मोर्चा भाजयुमो के नगर अध्यक्ष मुनी भुसरी, मिन्नी गुंबर, अश्वनी कुमार, परमजीत सिंह पम्मा,कपिल गंडा,टिंकू अनेजा, अनिल जेटली आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चौराहा, स्कूल व बस्ती से जल निकासी कराई

सितारगंज(उद संवाददाता)। लगातार हो रही बारिश के कारण नगर के वार्ड नंबर एक अंबेडकर स्कूल,



सिडकुल चौराहा, बस्ती में पानी भर गया। निवर्तमान सभासद पुत्र अकरम बैग ने इसकी सूचना कैबिनेट मंत्री को दी। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के निर्देश पर नगर पालिका प्रशासन ने जेसीबी की मदद से जल निकासी कराई। बरसात के पानी की वार्ड एक चिंतिमजरा में जलनिकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने से आंबेडकर स्कूल के अंदर पानी भर गया है निकट ही कॉलोनी, पेयजल टंकी परिसर में भी जलजमाव हो गया। इसके अलावा सिडकुल चौराहे पर जल भराव होने के कारण वाहन सवारों को सड़क दिखाई नहीं दे रही थी। निवर्तमान सभासद पुत्र अकरम बैग ने जल भराव वाले स्थानों की सूचना कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को दी। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के निर्देश पर नगर पालिका प्रशासन की टीम ने जेसीबी की मदद से बरसात में बंद हो चुकी पुलियों को खुलवाकर जल निकासी करवाई।

# अखण्ड महानाम संकीर्तन में झूमे ठुकराल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने संजय नगर खेड़ा बसंती पूजा मंदिर प्रांगण में आयोजित अखंड महानाम संकीर्तन में पहुंचकर संकीर्तन सुना और क्षेत्र की खुशहाली की कामन की। कीर्तन मंडली के साथ ठुकराल झूमते हुए नजर आये। इस दौरान वहां पहुंचने पर आयोजकों ने पूर्व विधायक को स्मृति चिन्ह देकर और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर ठुकराल ने कहा कि अखण्ड महानाम संकीर्तन के आयोजन से लोगों में नई उर्जा का संचार होता है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी सदभाव के साथ साथ लोगों को धर्म और संस्कृति से जोड़ने का भी काम करते हैं। उन्होंने कहा कि आज युवा पीढ़ी पाश्चात्य के प्रभाव में आकर अपनी संस्कृति से विमुख हो रही है। धार्मिक आयोजन युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का काम करते हैं। श्री ठुकराल ने कहा कि



धार्मिक आयोजनों में बढ़ चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए। इस दौरान कीर्तन मंडलियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सनातन गोस्वामी, आखिल विश्वास, राबिन विश्वास, मनविदार राय, छोटू मण्डल, मनिशंकर बढ़ाई, सुधन, सुशील, साधन मण्डल, संजय दत्त, ओमकार, वीर सिंह, कालीपद मण्डल आदि मौजूद रहे।

# सिक्स सिग्मा में इंजीनियर दिवस धूमधाम से मनाया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मोक्ष गुण्डम विश्वेश्वरैया का जन्म दिन इंजीनियर-डे के रूप में धूमधाम से मनाया गया। सिक्स सिग्मा इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी एण्ड साइन्समें आयोजित कार्यक्रम मोक्ष गुण्डम विश्वेश्वरैया जी को नमन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबन्धक ट्रेनिंग डिवीजन टाटा मोटर्स लि. ऋतुराज नादर, एच हेड टीवी एस लुकास वीपी सिंह ,एच हेड दाना इंडस्ट्रीज रूबी बोहरा , पूजा आर्या एवं आशुतोष ललित सामंत उपस्थित रह। संस्थान के प्रधानाचार्य पॉलिटैक्निक ललित सिंह बिष्ट, प्राचार्य फार्मेसी डा. विजय सिंह उपस्थित रहे। जिनके द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम में विविधता के अनुरूप इसे दो वर्गों में विभाजित किया गया। प्रथम वर्ग में तकनीकीव द्वितीय वर्ग में गैर-तकनीकी





कार्यक्रम हुए। जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा व रुचि के अनुसार बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया जिसमें प्रोजेक्ट-प्रदर्शनी में संदीप एवं (ग्रुप सिविल इंजी), स्लो-साईक्लिंग में छात्र आकाश मजुमदार (प्रोडक्शन) एवंए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सुजल (प्रोडक्शन) के छात्रो ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया तथा डिर्पाटमेंटल लेवल में टी शर्ट ड्राईंग, जॉब मेकिंग, रंगोली मेकिंग, टैक्निकल क्विज प्रतियोगिता हुए। इस कार्यक्रम में संस्थान की पूर्व छात्रा लता आर्या एवं पूर्व छात्र अंकुश राज दयाल ने अपने-अपने अनुभव साझा किये। इस अवसर पर संस्थान की निर्देशिका डा. सीमा अरोरा ने छात्र-छात्राओं को शुभ कामना देते हुए कहा कि हमें डिग्री से ज्यादा कौशल, क्षमता पर ध्यान देना चाहिए। जिससे हमारी निरन्तर प्रगति होती रहे तथा संस्थान के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कियह संस्थान उत्तराखण्ड के शीर्ष दस संस्थानों में से एक है। मुख्य अतिथियों द्वारा छात्र-छात्राओं को शुभकामना देते हुए कहा गया कि तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ कुशलता का भी सामंजस्य छात्रों में होना चाहिए। जिसके द्वारा ही स्किल इंडिया का उद्देश्य पूर्ण होगा। वर्तमान समय में ज्ञान के साथ तकनीकी कुशलता से युक्त व्यक्ति की औद्योगिक क्षेत्र में बहुत माँग है। इस तरह के कार्यक्रम द्वारा बच्चों में तकनीकी विकास तथा कलात्मक ज्ञान की अभिवृद्धि होती है। जो उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए एक सार्थक और सकारात्मक प्रयास है। इस अवसर पर कार्यक्रम संचालन समिति हैड शिवम शर्मा, विक्की कुमार,अमन श्रीवास्तव, संस्थान के उप.प्रधानाचार्य मुकेश कुमार ट्रेनिंग व प्लेसमेन्ट हैड रजत धवन,संस्थान के सीइओ अनुभव बाठला एवं सभी शिक्षक.शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।




# संदिग्ध हालत में पल्लेदार की मौत

गदरपुर(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। युवक के परिजनों ने स्वाभाविक मौत मानते हुए पुलिस को सूचना



दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। रामजीवनपुर नंबर 3 निवासी 40 वर्षीय शिव शंकर पुत्र काशीराम की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। युवक के परिजनों ने इसे स्वाभाविक मौत मानते हुए पुलिस को सूचना न देकर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। युवक गदरपुर मंडी में पल्लेदारी का कार्य कर अपने परिवार में पत्नी शीला, तीन बच्चे 9 वर्षीय शिवम( दिव्यांग), रोहित(07), दीपक(05) का भरण पोषण करता था। युवक की मौत से परिजनों में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। युवक की मौत के बाद परिजनों के आगे रोजी-रोटी का भी संकट सामने आ गया है।



# हिंदी भाषा को मिल रही है वैश्विक पहचान: धामी

## मुख्यमंत्री ने कविता लेखन, कहानी लेखन, यात्रा वृतान्त लेखन और नाट्य लेखन प्रतियोगिता के प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सर्वे चौक स्थित आई.आर.डी.टी प्रेक्षागृह, देहरादून में उत्तराखण्ड भाषा संस्थान द्वारा आयोजित 'हिंदी दिवस समारोह 2024' में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्तराखण्ड भाषा संस्थान की पुस्तक ''उत्तराखण्ड की लोक कथाएं'' का विमोचन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कविता लेखन, कहानी लेखन, यात्रा वृतान्त लेखन और नाट्य लेखन प्रतियोगिता के प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया और बोर्ड परीक्षाओं में हिंदी में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए हिंदी भाषा के उत्थान और संवर्धन के लिए अहम योगदान देने वाले लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हिंदी एक भाषा का उत्सव नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति के गौरव का अवसर है। हिंदी एक भाषा ही नहीं हमारे राष्ट्र की आत्मा भी है। हिंदी ने हमारे समाज को जोड़ा है और हमारी सभ्यता को समृद्ध किया है। विश्व पटल पर हिंदी ने हमें विशेष स्थान दिलाया है। हिंदी केवल हमारे लिए संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि हमारी अस्मिता, संस्कृति और भारतीयता का प्रतीक भी है। हिंदी ने विविधता से भरे हमारे समाज को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया है। सहजता, सरलता और सामर्थ्य से परिपूर्ण हिंदी में समन्वय की अदभुत क्षमता है। हिंदी की कीर्ति केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में यह संवाद का एक प्रमुख सेतु बन चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दुनिया के विभिन्न देशों में हिंदी का अध्ययन किया जा रहा है। हिंदी ने समाज में जागरूकता लाने में भी अहम भूमिका निभाई है। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज तक हिंदी सामाजिक चेतना का भी प्रमुख माध्यम रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हिंदी के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने हिंदी भाषा के संवर्धन के लिए उत्तराखण्ड भाषा संस्थान द्वारा किये जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड भाषा संस्थान द्वारा कई सारे नवाचार किये गए हैं और नवाचार के माध्यम से लोगों को प्रोत्साहित करने का कार्य किया है। यह प्रयास भाषायी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भाषाओं और परंपराओं के प्रति समर्पण को प्रोत्साहित करने के लिए 'उत्तराखण्ड गौरव सम्मान' के तहत उत्कृष्ट साहित्यकारों को सम्मानित किया जाता है। उत्तराखण्ड भाषा संस्थान द्वारा विभिन्न भाषाओं में ग्रंथ प्रकाशन के लिए वित्तीय सहायता योजना के तहत 17 साहित्यकारों को अनुदान प्रदान किया गया है जो कि हमारे लेखकों के लिए भी प्रेरणा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब भारत दुनिया का सिरमौर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, ऐसे समय में हिंदी का प्रचार-प्रसार हमारे लिए और भी महत्वपूर्ण हो गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हिंदी को वैश्विक मंच पर स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किये जा रहे हैं। 'मन की बात' कार्यक्रम में उनके द्वारा हिंदी का प्रयोग करने से हिंदी को वैश्विक पहचान मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदी के उत्थान और संवर्धन के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। आज हमें संकल्प लेना चाहिए कि अपनी मातृ भाषा हिंदी का सम्मान करें। इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाएं ताकि हिंदी 21वीं सदी की सशक्त भाषा बने। भाषा मंत्री सुबोध उनियाल ने भाषा संस्थान की ओर से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो भी प्रस्ताव भाषा संस्थान की ओर से भेजे गये , उन्हें तत्काल स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा तमाम बोलियों में पुरस्कार की शुरूआत करने के साथ ही नवोदित लेखकों को प्रोत्साहित करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विगत दिनों मुख्यमंत्री से साहित्य भूषण पुरस्कार की धनराशि पांच लाख रुपये करने का अनुरोध किया था, जिस पर उन्होंने अपनी स्वीकृति प्रदान की है। राज्य में यह पुरस्कार प्रतिवर्ष प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर विधायक खजान दास, साहित्यकार एवं पूर्व कुलपति डा.सुधा रानी पांडे, दून विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल, सचिव विनोद रतूड़ी, भाषा संस्थान की निदेशक श्रीमती स्वाति भदौरिया उपस्थित थे।

# खेल मंत्री रेखा आर्य ने किया रेसलिंग का शुभारंभ



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल जनपद के प्रवास पर पहुंची प्रभारी मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने उत्तराखंड रेसलिंग एंटरटेनमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित कुश्ती कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। यहां एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रभारी मंत्री को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। श्रीमती रेखा आर्या ने इस दौरान खिलाडियों का हौसला बढ़ाया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कुश्ती एक ऐसा खेल है जिससे जहां एक और शरीर मजबूत होता है तो वहीं किसी भी खेल को खेलने से टीम भावना भी विकसित होती है। उन्होंने कहा कि आज हमारे खिलाड़ी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और कुशल नेतृत्व में देश और प्रदेश का नाम रौशन करने का कार्य कर रहे हैं।श्रीमती आर्या ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा निर्देशों में खिलाडियों को बेहतर उच्चस्तरीय सुविधाओं से लाभान्वित कर रही है। राज्य सरकार खेल और खिलाडियों के लिए निरंतर प्रयासरत ताकि उनकी खेल कौशल में वृद्धि हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खिलाडियों के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ सभी खिलाड़ी प्राप्त कर रहे हैं। राज्य में 38 वें राष्ट्रीय खेलो का आयोजन होने जा रहा है जो कि राज्य के लिए गौरव की बात है।कहा कि राष्ट्रीय खेलो की लगभग समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय रेसलिंग चैम्पियन द ग्रेट खली, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मंडी अध्यक्ष अनिल कपूर, निवर्तमान मेयर डा. जोगिंदर सिंह रौतेला सहित खिलाड़ी और दर्शक मौजूद रहे।












# गणेश जी की आराधना से हर काम होता है सिद्ध: चुघ





रुद्रपुर (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने सिडकुल स्थित गणेश महोत्सव द्वारा आयोजित श्री गणेश महोत्सव का वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में गणेश चतुर्थी का त्यौहार मनाया जा रहा है भगवान गणेश सभी के आराध्य हैं और प्रथम पूजनीय भगवान गणेश जी की आराधना से ही हर कार्य सिद्ध होता है। उन्होंने बताया कि पिछले कई वर्षों से यहां गणेश महोत्सव मनाया जाता है और विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। गणेश महोत्सव के अवसर पर बालिकाओं द्वारा स्वागत व अभिनंदन किया गया। एवं कई प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया गया। चुघ ने सिडकुल चौक पर स्थापित भगवान गणेश जी का आशीर्वाद प्राप्त किया और सभी के मंगल जीवन की कामना की। कार्यक्रम में रणजीत सिंह गतका पार्टी द्वारा बहुत ही सुंदर करतब और मार्शल आर्ट दिखाकर सभी श्रद्धालुओं को रोमांचित कर दिया। वहीं भारी संख्या में पहुंचे क्षेत्रवासियो ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। इस दौरान अध्यक्ष अरुण टोंक महामंत्री अजय तिवारी, उपाध्यक्ष संजय सिंघल, श्रीकर सिन्हा, प्रदीप सांगवान, आशुतोष शर्मा, मनोज सक्सेना, सोनू अग्रवाल, रवि अग्रवाल, जतिन साहनी, हरेंद्र राव, विपिन कोली, सनी पासवान, राज कोली, अमित गॉड, आदि मौजूद थे।

# लव जिहाद को लेकर विधायक ने थाना घेरा

## एसएसपी ने दिया टीम गठित कर नाबालिग लड़की की वापसी का आश्वासन





रुद्रपुर( उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने हिन्दु संगठनों व भाजपा कार्यकताओं के साथ थाना ट्रांजिट कैम्प का घेराव किया। बता दें बीते दिनों शिमला बहादुर क्षेत्र की एक नबालिक लड़की को दूसरे समुदाय का अल्फाज नाम का युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। जब उस बच्ची के परिजनों को इसकी भनक लगी तो वह उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंचे लेकिन लेकिन तीन दिन बीतने के बाद भी कार्यवाही नहीं की गयी। विधायक के संज्ञान के मामला आने पर उन्होंने हिंदू संगठनों एवं भाजपा कार्यकताओं के साथ थाने पहुंचकर घेराव किया। विधायक ने घटना को लेकर पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्यवाही न होने पर नाराजगी जाहिर की। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड मे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का स्पष्ट कहना है की लव जिहाद जैसे गंभीर मामले मे किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। विधायक ने कहा कि लवजिहाद को लेकर वह शुरू से मुखर होकर इसके खिलाफ कठोर कार्यवाही के पक्षधर रहे हैं और जब हिन्दु बच्ची की माँ द्वारा बताया गया अल्फाज अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लड़की के साथ ट्रेन मे जाते की फोटो डाल रहा है और लड़की द्वारा अपनी माँ से फोन पर बात की गयी लेकिन उसका फोन छीन कर काट दिया गया। मामले में विधायक शिव अरोरा ने दूरभाष पर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा से वार्ता की और पूरा मामला उनको विस्तार बताया। विधायक ने स्पष्ट कहा कि नाबालिग बच्ची की सकुशल वापसी हों रुद्रपुर व उसके आस पास नेटवर्क चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाये। युवक के खिलाफ भी सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये। विधायक ने कहा कि लवजिहाद का धंधा चलाने वालों बिल्कुल बर्दास्त नहीं किया जायेगा। कप्तान ने विधायक को आश्वस्त किया वह इसके लिए टीम गठित कर आगे की कार्यवाही करेंगे। एसएसपी के आश्वासन पर लोग शांत हुए। विधायक ने कहा कि एसएसपी पर उन्हें भरोसा है कि नाबालिक बच्ची सकुशल वापसी लाई जाएगी। विधायक ने चेतावनी दी कि लवजिहादी बाज आ जायें हिन्दु बच्चियों के खिलाफ चल रहे सुनियोजित लवजिहाद के षड्यंत्र बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, सुरेश कोली, मानस जायसवाल, मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, तरुण दत्ता, बिट्टू शर्मा, विराट आर्य, किरन विर्क, राजा भरद्वाज, अनूप दत्ता, राधेश शर्मा, नरेश उप्रेती, विजय भान, दिलीप अधिकारी, मनोज मदान, मयंक कक्कड़, मदन दिवाकर, विजय डे, कैलाश राठौर, दीपक दिवाकर, शंकर विश्वास, आदेश भरद्वाज, सुनील यादव, महेंद्र आर्य, डम्मी चोपडा,डी के गंगवार, प्रमोद शर्मा, राजेंद्र राठौर, गोविन्द शर्मा, मनमोहन सिंह, गौतम पपनेजा, वासु गुम्बर आदि मौजूद रहे।

# खिलाड़ी मेडल लाएं,नौकरी सरकार देगी: रेखा आर्या

## खेल मंत्री ने किया सीबीएसई क्लस्टर गर्ल्स कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ








खटीमा( उद संवाददाता)। उत्तराखंड सरकार में खेल एवं महिला कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने खटीमा स्थित एसएमएस दत्ता मेमोरियल नोजगे पब्लिक स्कूल पहुँची, जहां उन्होंने ने सीबीएसई क्लस्टर 19वीं गर्ल्स कबड्डी प्रतियोगिता का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर नोजगे पब्लिक स्कूल के चेयरपर्सन सरदार राजपाल सिंह ने उत्तराखंड में खेलों के सम्पूर्ण विकास के लिए खेल मंत्री रेखा आर्या का आभार जताया। इसके बाद खेल मंत्री ने कहा कि हमारा प्रदेश अब खेल के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व स्थान बना रहा है और इस प्रकार की प्रतियोगिताएं हमारे खिलाड़ियों और विशेषकर हमारी बेटियों को एक नया मंच दे रही हैं। उन्होंने इस प्रतियोगिता में भाग ले रही हर बेटी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की के एक दिन हमारी यही बेटियां कबड्डी में प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने इस बात पर भी खुशी जताई कि समाज कि सोच अब बदल रही है और बेटियां पढाई के साथ साथ खेलों में भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। रेखा आर्य बोलीं कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हम खेलों और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध हैं और हमारी सरकार राज्य में हर स्तर से खेल सुविधाओं को बेहतर बनाने का काम कर रही है। युवा खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खिलाड़ी अपना 100 प्रतिशत दें और उन्हें नौकरी देने का काम प्रदेश सरकार करेगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेलों में मेडल लाने वाले खिलाड़ियों को हमारी सरकार आउट ऑफ द टर्म जाकर राजकीय सेवाओं में नौकरी देने का कार्य कर रही है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने वहां उपस्थित रमेश ओली का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वो भारत के पारंपरिक खेल मलखंब को और भी आगे ले जाने में जुटे हैं और उन्हें इस बात की खुशी है कि अब मलखंब खेल राज्य खेल नीति का अभिन्न हिस्सा है। कार्यक्रम में नोजगे पब्लिक स्कूल के चेयरपर्सन सरदार मान सिंह, एमडी सुरेंद्र कौर, प्रधानाचार्य आरिज अल्वी, उप प्रधानाचार्य हेमचन्द पन्त, सीबीएसई कलस्टर ऑब्जर्वर कुलवीर सिंह, मंडल अध्यक्ष खटीमा नगर जीवंत धामी, मंडल अध्यक्ष महिला मोची तारा बिष्ट, वरुण अग्रवाल, रेनू भण्डारी, कैप्टन गम्भीर सिंह, सरदार मेजर सिंह, सरदार सेवा सिंह, अमित पाण्डे और रमेश जोशी सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# महिला के गले से लूटी सोने की चेन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाइक सवार बदमाशों ने सड़क पर टहल रही महिला के गले से दो तोला सोने की चेन उड़ा ली और फरार हो गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। आदर्श कालोनी चौकी में दी तहरीर में मकबूल अंसारी पुत्र अब्दुल लतीफ अंसारी निवासी आदर्श काँलोनी ने कहा कि 9 सितम्बर की शाम को उसकी पत्नी नसीमा खातून रात में खाना खाने के बाद टहलने गयी थी । करीब 8 बजे छोटे गुरुनानक स्कूल के सामने वाली रोड पर पहुंची तो वहां पर बाईक पर सवार होकर आये दो युवकों ने अचानक सामने आकर किसी औजार की सहायता से गले से दो तोले की सोने की चैन काट ली और फरार हो गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।




# लोक अदालत में 3004 मामलों का निस्तारण

## 5,08,91,246 की समझौता धनराशि निर्धारित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। माननीय जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उधम सिंह नगर के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में मुख्यालय रूद्रपुर पर तृतीय अपर जिला एवं सत्र रू0 7416160 की समझौता धनराशि निर्धारित की गयी। न्यायालय सिविल जज (जू०डि०) रूद्रपुर रिजवान अंसारी द्वारा 417 वादों का निस्तारण कर रू0 22495519 की समझौता धनराशि निधरित की गयी। न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम रूद्रपुर विवेक राणा द्वारा 240 वादों का निस्तारण कर रू0 निस्तारण कर रू0 10952606 की समझौता धनराशि निर्धारित की गयी। न्यायालय सिविल जज, (सी०डि०) काशीपुर श्रीमती पायल सिह द्वारा 146 वादों का निस्तारण कर रू0 10169004 की समझौता धनराशि निर्धारित की गयी। न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट, काशीपुर विनीत कुमार श्रीवास्तव द्वारा 178 वादों निस्तारणकर रू0 6445700 की समझौता धनराशि निर्धारित की गयी। बाह्य स्थित दीवानी न्यायालय बाजपुर में न्यायालय सिविल जज (जू०डि०) बाजपुर सुश्री सांची अग्रवाल द्वारा 193 वादों का निस्तारण कर रू0 9396693 की समझौता धनराशि निर्धारित की गयी। इसके अतिरिक्त बाजपुर में






न्यायाधीश उधम सिंह नगर मुकेश चन्द्र आर्या द्वारा 73 वादों का निस्तारण कर रू0 22723569 की समझौता धनराशि निधरित की गयी। कुटुम्ब न्यायालय प्रथम रूद्रपुर ओम कुमार द्वारा 45 वादों का निस्तारण किया गया। न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रूद्रपुर, श्रीमती अनीता गुज्याल द्वारा 477 वादों का निस्तारण कर रू0 498367 की समझौता धनराशि निधरित की गयी। न्यायालय सिविल जज सीनियर डिविजन रूद्रपुर हेमन्त सिंह द्वारा 387 वादों का निस्तारण कर रू0 52788612 की समझौता धनराशि निधरित की गयी। न्यायालय प्रथम अपर सीनियर सिविल जज रूद्रपुर श्रीमती इन्दु शर्मा द्वारा 363 वादों का निस्तारण कर 13688731 की समझौता धनराशि निधरित की गयी। न्यायालय प्रथम अपर सिविल जज (जू०डि०) रूद्रपुर शंभूनाथ सेठवाल द्वारा 273 वादों का निस्तारण कर रू0 1080257 की समझौता धनराशि निर्धारित की गयी। बाह्य स्थित दीवानी न्यायालय काशीपुर में प्रथम अपर जिला जज काशीपुर श्री रितेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा 39 वादों का निस्तारण कर रू0 17844805 की समझौता धनराशि निधरित की गयी। कुटुम्ब न्यायालय रूद्रपुर श्रीमती मोनिका मित्तल द्वारा 33 वादों का निस्तारण कर रू0 1277183 की समझौता धनराशि निर्धारित की गयी। न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, काशीपुर सचिन कुमार द्वारा 252 वादों का का निस्तारण कर रू0 28522584 की समझौता धनराशि निर्धारित की गयी। इसके अतिरिक्त खटीमा में प्री-लिटिगेशन 157 वादों का भी निस्तारण किया गया, जिसमें कुल रू0 43252636 की समझौता धनराशि निर्धारित की गयी। बाह्य स्थित दीवानी खटीमा में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश खटीमा सुश्री मंजू सिंह मुण्डे द्वारा 12 वादों का निस्तारण कर रू0 5035000 की समझौता धनराशि निर्धारित की गयी। न्यायालय खटीमा में परिवार न्यायाधीश, खटीमा उदय प्रताप सिह द्वारा 44 वादों का निस्तारणकर 1169000 की समझौता धनराशि निधरित की गयी। न्यायालय सिविल जज खटीमा अमित भट्ट द्वारा 201 वादों का प्री-लिटिगेशन 20 वादों का भी निस्तारण किया गया, जिसमें कुल रू० 2526000 की समझौता धनराशि निर्धारित की गयी। बाह्य स्थित दीवानी न्यायालय किच्छा में न्यायालय सिविल जज किच्छा देवांश राठौर द्वारा 177 वादों का निस्तारणकर रू0 4010874 की समझौता धनराशि निर्धारित की गयी। बाह्य स्थित दीवानी न्यायालय जसपुर में न्यायालय सिविल जज जू०डि० जसपुर मनोज सिह राणा द्वारा 103 वादों का निस्तारणकर रू0 5998814 की समझौता धनराशि निधरित की गयी। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन के कुल 3004 मामलों का निस्तारण हुआ जिनमे रू० 50891246 की समझौत धनराशि निर्धारित की गयी।

# डीएम ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

## प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक को दिए एक सप्ताह में सभी व्यवस्थाए सुधारने के निर्देश

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने चार्ज सम्भालते ही जिला मुख्यालय में स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण कर वहाँ की व्यवस्थाए सुधारने के लिए प्रयास शुरू कर दिया है, कुशल प्रशासक के तौर पर आमजनता की समस्याओं के निराकरण को लेकर जिलाधिकारी गम्भीरता से कार्य कर जनसमस्याओं का समाधान कर रहे हैं। डीएम आशीष भटगाई ने सभी अधिकारियों को जनता के प्रति जबाबदेही और समयबद्धत्ता के साथ जनसमस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं, वही कोताही बरतने पर सख्त लहजे में कार्रवाई की भी चेतावनी दी है। शनिवार सुबह डीएम ने अचानक जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया।वहां गत दिनों मिली शिकायतों को गम्भीरता लेते हुए जिलेवासियों को उचित स्वास्थ सेवाएं देने के लिए अस्पताल की बारीकियों को परखा, उन्होंने चिकित्सालय में प्रत्येक वार्ड का निरीक्षण किया, वहां व्याप्त गंदगी व भर्ती मरीजों को हो रही परेशानियों को लेकर तत्काल व्यवस्था सुधारने,और शीघ्र सभी मरीजों को अस्पताल में पर्याप्त चिकित्सा सुविधाए दिलाने के लिए प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया।जिला अस्पताल में निरीक्षण के दौरान वहां लगे कैमरे सुचारू न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने वार्ड में मरीजों के बिस्तर साफ नही होने,साफ सफाई की उचित व्यवस्था नही होने, मरीजों के लिए बिस्तर के पास सामान रखने के लिए लगे ड्रॉज साफ और स्वच्छ नही मिलने, और भर्ती वार्ड में छतों से पानी टपकने से सीलन होने से मरीजों के स्वास्थ पर इसका दुष्प्रभाव पड़ने और शीघ्र ही अस्पताल में सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक को दिए। डीएम ने मरीजों को सस्ती दरों पर दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए स्थापित जन औषधि केंद्र बंद होने पर संचालक के कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने मरीजों को मीनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन देने को कहा। ट्रामा सेंटर के पास कूड़ा जमा होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे नियमित रूप से उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुखी व्यक्ति काफी उम्मीद से यहां आता है इसलिए चिकित्सा कर्मचारियों को चाहिए कि वे उनसे उचित व्यवहार करें तथा हर संभाव सुविधा प्रदान करें तथा चिकित्सालय की सुविधाओं का लाभ दें।उन्होंने जननी सुरक्षा योजना, निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण सुविधा की भी जानकारी प्राप्त की।जिला चिकित्सालय में स्थापित जन औषधि केंद्र के बंद होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग पूरी रिपोर्ट उन्हें प्रस्तुत करे साथ ही संचालक को नोटिस भेजे ताकि इसके संचालन के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाय। इसके बाद जिलाधिकारी ने मंडलसेरा में कुंती गधेरे का निरीक्षण किया व इसके रोकथाम के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि स्थानीय लोगों को नाले की समस्या से किस प्रकार निजात दिलाया जाय इस पर योजना बनाई जाएगी। उन्होंने सिंचाई विभाग द्वारा अब तक किए प्रयासों की जानकारी भी ली।इस दौरान निरीक्षण में उपजिलाधिकारी मोनिका, तहसीलदार दलीप सिंह,प्रभारी सीएमएस डॉ गिरजा शंकर जोशी,जनरल सर्जन डॉ राजीव उपाध्याय, सहित अस्पताल के चिकित्सक आदि मौजूद थे।

## धर्मेंद्र का हत्यारा सत्यवीर गिरफ्तार

हल्द्वानी। मुखानी थाना क्षेत्र में हुई किशोर की हत्या के मामले से पर्दा उठ चुका है। पुलिस ने मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि किशोर के परिवार से पुरानी रंजिश की वजह से पड़ोसी ने ही इस हत्याकांड को अंजाम दिया था। मूल रूप से बरेली के मीरगंज निवासी रामाशंकर कश्यप लंबे समय से मुखानी थाना क्षेत्र स्थित बोरा कालोनी में परिवार संग किराये पर रहता है। 12 सितंबर की सुबह रामाशंकर का बेटा घर से कहीं के लिए निकला था। लेकिन दोपहर में उसका शव कमलुवागांजा के पास एक बंदी पड़ी नोवा स्टील फैक्ट्री के समीप जंगल में मिला। जंगल में अपनी गाय को ढूंढने के लिए निकली एक स्थानीय महिला की सबसे पहले शव पर नजर पड़ी थी। जिसके बाद मामला पुलिस और फिर परिवार तक पहुंचा। वहीं बेटे के शव को देखने के बाद पिता ने स्पष्ट कहा कि उसकी हत्या की गई। इसके बाद पुलिस ने कुछ लोगों को पूछताछ के लिए थाने बुला लिया। इसके अलावा क्षेत्र से जुड़े सीसीटीवी को खंगालने के साथ कुछ लोगों के नंबर भी सर्विलांस पर लगा दिए। जांच के दौरान पता चला कि रामाशंकर के बगल में सत्यवीर नाम का व्यक्ति भी किराये पर रहता है। जो मूल रूप से बरेली का रहने वाला। रामाशंकर और सत्यवीर के परिवार के बीच पुरानी रंजिश है। रामाशंकर के बच्चों संग भी सत्यवीर कई बार झगड़ा कर चुका था। इसके बाद 12 सितंबर को उसने 15 वर्षीय धर्मेंद्र की हत्या करने के बाद उसका शव जंगल में फेंक दिया।



## रामलीला मंचन पर किया भूमि पूजन

किच्छा(उद संवाददाता)। रामलीला कमेटी ने श्राद्ध शुरू होने से पूर्व रामलीला मंच पर हवन पूजन किया।नगर के मुख्य पुजारी पंडित नगद शर्मा ने रामलीला मंच पर विधि विधान के साथ भूमि पूजन के साथ साथ हवन कराया। रामलीला कमेटी नगर अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया की इस वर्ष रामलीला का मंचन स्थानीय कलाकारों द्वारा ही किया जाएगा। इस वर्ष की रामलीला का उद्घाटन किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा किया जाएगा और समापन ब्लॉक प्रमुख ममता जलहोत्रा द्वारा किया जाएगा। रामलीला 2 अक्टूबर से शुरू होगी और 12 अक्टूबर को दशहरा का पर्व मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि हवन पूजन करने का मुख्य उद्देश्य कलाकारों को पूर्ण प्रशिक्षण देने के लिए किया गया है श्रद्धा के मध्य में हवन पूजन संपन्न नहीं हो सकता इसलिए श्राद्ध से पूर्व ही गणेश पर्व चलने के कारण हवन पूजन कर लिया गया है ताकि प्रशिक्षण कर ले रहे स्थानीय कलाकारों की बानो दशा ईश्वर सकारात्मक बनाए रखें।इस मौके पर कमेटी के संरक्षक लक्ष्मी नारायण अग्रवाल,डब्बू अग्रवाल, अनुज सक्सेना, रवीश सक्सेना,अंशुल गंगवार,दुली चंद चांगल, परवीन सेन, कमल भाटिया, विजय कुमार, विकास दावड़ा आदि मौजूद रहे।



## ओवर लोडिंग में कई वाहन किये सीज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के निर्देश पर पुलिस ने सिडकुल में ओवरलोड एवं बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया। इस दौरान ओवर लोडिंग में कई वाहन सीज किये गये। वाहन चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कम्प मचा रहा । नये कप्तान की सख्ती के बाद पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त हो गयी है। इसी के तहत रविवार को सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सिडकुल में ओवर लोड वाहनों और यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान कई वाहनों का ओवर लोडिंग में चालान किया गया। चौकी प्रभारी ने कहा कि अभियान आगे भी जारी रहेगा। यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। सड़कों पर यातायात नियमों का पालन सख्ती से करवाया जायेगा।



जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

### सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम सुभाष चन्द्र (SUBHASH CHANDRA) था अब मैंने अपना नाम बदलकर सुभाष खुराना (SUBHASH KHURANA)रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम सुभाष खुराना (SUBHASH KHURANA)से ही जाना पहचाना जाए।

सुभाष खुराना पुत्र श्री सरन दास
निवासी ग्राम मल्सा
गिरधरपुर, पो0ओ0 लालपुर,जिला
उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

## केजरीवाल को जमानत मिलने पर बांटी मिठाई

गदरपुर(उद संवाददाता)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने पर शनिवार को आम आदमी पार्टी गदरपुर कार्यालय नगर अध्यक्ष शकील अहमद एवं बंगाली समुदाय प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ मिष्ठान वितरित कर खुशियां मनाई। कहा कि ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग करके विपक्षी



नेताओं को गिरफ्तार कराया जाना बेहद शर्मनाक है। हम पहले दिन से ही कह रहे हैं कि यह पूरा मामला झूठ की बुनियाद पर खड़ा है। मिष्ठान वितरण करने वालों में पूर्व विधायक प्रत्याशी मोहम्मद अहमद पेंटर, मुजम्मिल सैफी नगर उपाध्यक्ष, इंतखाब अहमद , निसार अब्बासी, जहीर अहमद , जलीस अहमद ,अनीस अहमद, शनील अहमद,सब्दर अली, सलीम, दानिस, इकबाल, आजम मोनिस,सहिसा, हेम कुमार, वैभव मलिक, डॉ. तुषार आर्य, नरेंद्र मास्टर, सुबोध कुमार, रोहित गर्ग, गजेन्द्र रहे।

## पेज एक का शेष...

**केजरीवाल ने किया ...**मैं अपने साथ भगत सिंह की जेल डायरी लाया हूं। भगत सिंह की डायरी भी पढ़ी। इसके पहले सीएम केजरीवाल ने कहा उनकी छोटी सी पार्टी ने देश की राजनीति बदल दी। जेल में सोचने का वक्त मिला। मैंने जेल से एक ही पत्र लिखा था वो भी एलजी साहब को, 15 अगस्त था, स्वाधीनता दिवस के अवसर पर सीएम झंडा फहराते हैं। मैंने कहा कि आतिशी जी को झंडा फहराने की इजाजत दी गई। वो चिट्ठी मुझे वापस कर दी गई और मुझे वार्निंग दी गई कि दूसरी बार अगर चिट्ठी लिखी तो आपको परिवार से भी मुलाकात भी नहीं करने दी जाएगी। केजरीवाल ने कहा मुझे जेल क्यों भेजा इन्होंने, ऐसा नहीं कि केजरीवाल ने भ्रष्टाचार किया। इनका मकसद था आम आदमी पार्टी को तोड़ना, केजरीवाल को तोड़ना। इनका फॉर्मूला है कि पार्टी तोड़ दो, विधायक तोड़ दो, ईडी छापेमारी कर दो। इनको लग रहा था कि केजरीवाल को जेल में डालकर पार्टी तोड़ देंगे। सीएम ने कहा, मैंने इस्तीफा इसलिए नहीं दिया क्योंकि मैं देश के जनतंत्र को बचाना चाहता था। अगर मैं इस्तीफा दे देता ये एक-एक करके सबको जेल में डालते क्योंकि इन्होंने सिद्धारमैया, ममता दीदी, पिनाराई विजयन सबके खिलाफ केस कर रखा है। मैंने देश के तमाम मुख्यमंत्री से कहना चाहूंगा कि अगर मुख्यमंत्री रहते हुए आप पर यह केस करें तो अपने पद से इस्तीफा मत देना। आज इनके हर षडयंत्र से मुकाबला करने की ताकत आप में है क्योंकि हम ईमानदार हैं।

**राहुल के खिलाफ...**विरोध करता है। इसके विपरीत आज की मोदी सरकार में भारत में शान से रह रहे हैं एवं अपनी धार्मिक पहचान एवं पूजा पद्धति बहुत अच्छे च सुखदे पातावरण में कर रहे है जबकि 1984 में कांग्रेस सरकार में निरीह एवं निर्दोष हजारों सिक्खों का खुलेआन करलेआम किया गया एवं कांग्रेसी सरकार में सिक्खों के सर्वोच्च आस्था का प्रतीक हरिमन्दिर साहब अमृतसर में ताप के गोलों से गुरुद्वारे की इमारत को गिरा दिया गया तथा हजारों सिक्ख श्रद्धालुओं का कत्लेआम किया गया। सिक्ख समाज यह मांग करता है कि कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी सिक्ख समाज से माफी मांगे एवं राहुल गांधी के इस नापाक अपराध के लिये दण्डात्मक कार्यवाही करते हुये उन्हें राजनीति क्षेत्र से अयोग्य घोषित किया जाये। सिक्ख समाज ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।

**केस वापस नहीं लेने...**आरोप है कि 21 जून शाम छह बजे किशन कोली कार लेकर आया। कार में 3-4 अन्य लोग भी सवार थे। उक्त लोगों ने कार उस पर कार चढ़ाने की कोशिश की किसी तरह वह बचकर वहां से निकली। इसके बाद 31 जून 2024 को नये नंबरों से कॉल करके गाली गलौच और धमकी देते हुए कहा कि अगर केस वापिस नहीं लिया तेरे पिता को मार दूंगा। इसके बाद किशन कोली द्वारा भेजे गये कुछ लोग उसे रास्ते में परेशान करने लगे। बीती एक सितम्बर को धर्मेन्द्र कोली, रामपाल कोली, पप्पी कोली उर्फ कन्हैया कोली आदि लोग आये और पप्पी ने उसके कपड़े फाड दिये। धर्मेन्द्र ने गन दिखाते हुए कहा कि यह आखिरी चेतावनी है केस वापस ले ले। वरना तुझे और तेरे परिवार को मार दूंगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**धारदार हथियार...**उसके पास आये और उस पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसके सिर, हाथ व पेट में गंभीर चोटें आ गईं। उसका आरोप है कि बदमाश उसके पास से पर्स में रखे पांच सौ रूपये, मोबाईल व अन्य सामान लूट लिया। इसके बाद भी वह चाकू से हमला करते रहे। जब वह गिर गया तो बदमाश उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। मामले की जानकारी मिलने पर उसके परिजन मौके पर आ गये और उसे उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। मामले जानकारी पुलिस को दे दी गई है।

**कार में ..**एक व्यक्ति के कहने पर उडीसा से ला रहे है। मार्ग में बहेडी में भी देना था। वजन लेने पर सभी पैकेटों में कुल 47.998 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने बरामद गांजा अपने कब्जे में लेकर कार सीज कर दी और दोनों नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

**डम्पर ने बाईक...**जिला चिकित्सालय भिजवाया। जहां उनकी हालत चिंताजनक देखते हुए हल्द्वानी रैफर कर दिया गया। मामले की जानकारी मिलने पर दोनों युवकों के परिजन भी चिकित्सालय आ पहुंचे। पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है।

## स्कूल के लिए निकली छात्रा लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस घर से स्कूल के लिए निकली छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। अंकुश कुमार पुत्र गजेन्द्र सिंह हाल निवासी शिमला बहादुर ट्रांजिट कैम्प , मूल निवासी ग्राम रामठेरा थाना धामपुर, जिला बिजनौर ने कहा है कि 12सितम्बर को समय लगभग सुबह 7.30 बजे उसकी 16 वर्षीय छोटी बहन घर से बोलकर निकली की वह स्कूल के लिये जा रही है। जिसके बाद से वह घर वापस नही लौटी। पूरे परिवार ने उसका देर रात तक इंतजार किया और उसकी सभी सम्भावित जगह खोजबीन कर ली लेकिन उसका कोई पता नही चला। पुलिस ने गुमशुदगी की सूचना दर्ज कर लापता छात्रा की तलाश शुरू कर दी है।

## शांति व्यवस्था को लेकर बुलाई बैठक

गदरपुर(उद संवाददाता) । ईदे मिलादुन्नबी त्योहार के दौरान 16 सितंबर को निकाले जाने वाले जुलूस में सौहार्दपूर्ण वातावरण रखने, दो पहिया वाहनों से स्टंट बाजी ना करने, एवं शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के उद्देश्य से थाना परिसर में एक बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में थानाध्यक्ष जसवीर चौहान ने पारंपरिक रूट में ही जुलूस शांतिपूर्वक किए जाने का आह्वान किया। इस मौके पर एल आई यू के मोहम्मद रिजवान, एस आई कपिल कंबोज, दीपक बेहड़ आदि थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'दूषित भोजन' सप्लाई करने वालों की आएगी 'शामत'

**क्लाउड किचन के पंजीयन की डेडलाइन आज हुई खत्म,खाद्य संरक्षण एवं औषधि प्रशासन के रडार पर उत्तराखंड में संचालित सभी वाणिज्यिक रसोई, खाद्य संरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले क्लाउड किचन के विरुद्ध अब एफडीए करेगा विधिक कार्यवाही**

-अर्श-

देहरादून। सूबे में अनेक वाणिज्यिक भोजनालयों के भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण में पंजीकृत हुए बिना तथा स्वच्छता एवं पीने योग्य पानी के उपयोग और सामान्य स्वच्छता मानकों से सम्बन्धित प्रमुख नियमों का उल्लघंन करते हुए संचालित होने की निरंतर शिकायतें प्राप्त होने पर राज्य के खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन ने प्रदेश भर में अनधिकृत तौर पर चल रहे क्लाउड किचन आपरेटरों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। ज्ञात हो कि खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन ने तकरीबन एक पखवाड़े पूर्व उत्तराखंड में संचालित सभी क्लाउड किचन आपरेटरों के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण से पंजीकरण करना अनिवार्य कर दिया था और इसके लिए खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन ने सभी क्लाउड किचन आपरेटरों को 15 सितम्बर अर्थात आज तक भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण में खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम, 2006 के तहत पंजीकरण करा लेने की चेतावनी जारी की थी और डेडलाइन गुजर जाने के बाद पंजीकरण न कराने वाले आपरेटरों के खिलाफ अभियान चलाने की घोषणा भी की थी। पंजीकरण के लिए आपरेटरों को रसोई परिचालन पते का वैध प्रमाण, फूड हैंडलर का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, पेयजल



प्रमाण पत्र, रसोई में उपयोग किये जाने वाले पानी के पीने योग्य होने के सम्बन्ध में जांच रिपोर्ट और रसोईघर परिसर की नियमित सफाई एवं स्वच्छता की व्यवस्था अपशिष्ट के निपटारे की उचित व्यवस्था संबंधी प्रमाण प्रस्तुत करने थे। खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन द्वारा त्यागी तय की गई डेडलाइनगेट आज समाप्त हो रही है तथा निर्धारित पंजीकरण की डेडलाइन समाप्त होने के बाद अब विभाग समूचे उत्तराखंड में खाद्य सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर पंजीकरण के बिना संचालित किए जा रहे तमाम क्लाउड किचन को अपने रडार पर लेने की तैयारी में है, ताकि उपभोक्ताओं को स्वच्छ एवं स्वास्थ्यवधक भोजन मिल सके। उल्लेखनीय है कि क्लाउड किचन ऐसे वाणिज्यिक भोजनालय को कहा जाता है, जहां कोई भी ग्राहक संबंधित भोजनालय में बैठकर भोजन नहीं करता, बल्कि इस किस्म के भोजनालय से तैयार किया हुआ भोजन पार्सल की शक्ल में उपभोक्ता को प्रदान किया जाता है अथवा ऑपरेटर द्वारा भोजन की होम डिलीवरी दी जाती है। उत्तराखंड के औद्योगिक विकास की राह में तेजी से अग्रसर होने के बाद देहरादून, हरिद्वार ,रुद्रपुर ,हल्द्वानी समेत अन्य प्रमुख नगरों और कस्बों में यह व्यवसाय तेजी से फैल रहा है। मगर यह देखा गया है कि इन दिनों क्लाउड किचन अर्थात वाणिज्यिक रसोई में स्वच्छता मानकों और भोजन की गुणवत्ता के संबंध में बनाई गई खाद्य सुरक्षा की एसओपी का पालन नहीं बिल्कुल नहीं करते, लिहाजा विभाग अब ऐसे क्लाउड किचन आपरेटरों पर नजर रखेगा तथा भोजन की स्वच्छता एवं गुणवत्ता से समझौता करने वाले वाणिज्यिक भोजनालय के विरुद्ध विद्युत कार्यवाही अमल में लाएगा।

# सांसद अजय भट्ट ने किया क्षतिग्रस्त गौला पुल का निरीक्षण

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। हल्द्वानी से कुमाऊं को जोड़ने वाला गौला पुल लगातार तेज बहाव के चलते खतरे में आ गया है। पुल का एक बड़ा हिस्सा नदी में समा गया है। जिसके बाद यहां यातायात को बंद कर दिया है। इसी बीच सांसद अजय भट्ट अधिकारियों के साथ पुल के निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को जल्द से जल्द सुरक्षा कार्य करने के निर्देश दिए हैं। हल्द्वानी को कुमाऊं से जोड़ने वाला गौला पुल खतरे की जद में है। ये पुल न सिर्फ पिथौरागढ़, चंपावत, बागेश्वर और अल्मोड़ा जिले को जोड़ता है। बल्कि नेपाल बॉर्डर को भी जोड़ने वाला एकमात्र पुल है। फिलहाल पुल का एक हिस्सा टूटने से अनिश्चितकालीन के लिए आवागमन बंद कर दिया गया है। लगातार भूस्खलन होने के कारण रेलवे लाइन को भी अब बड़ा खतरा हो गया है। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम के पास भी भू-कटाव हो रहा है जिससे स्टेडियम को खतरा बना हुआ है। एनएचएआई और स्थानीय प्रशासन, रेलवे, सिंचाई विभाग और वन विभाग के अधिकारियों ने मौके का संयुक्त निरीक्षण किया। इसके साथ ही सांसद अजय भट्ट भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी गौला पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को जल्द से जल्द सुरक्षा कार्य करने के निर्देश दिए। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि पानी का बहाव कम नहीं हुआ है। गौला पुल का एक हिस्सा लगातार गिर रहा है। इसको देखते हुए अनिश्चित कालीन के लिए ये पुल बंद कर दिया गया है। फिलहाल एक्सपर्ट एजेंसी द्वारा निरीक्षण के बाद पानी कम होने पर इस पुल के रिपेयरिंग का काम शुरू होगा।







# विधायक सुमित ने नुकसान का लिया जायजा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विधायक सुमित हृदयेश ने काठगोदाम के कोल्टैक्स, ठोकर लाइन और गौला पुल क्षेत्र में विगत दिनों भारी बरसात के कारण हुए व्यापक नुकसान का स्थलीय



निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और प्रभावित इलाकों के लोगों से मुलाकात की। क्षेत्र में आई इस आपदा से लोगों के घर और जनसंपत्ति को भारी क्षति पहुंची है, जिससे स्थानीय जनता को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। निरीक्षण के दौरान विधायक सुमित हृदयेश ने राज्य सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि उत्तराखण्ड की लगभग 70 प्रतिशत आबादी के पास खुद की रजिस्ट्री भूमि नहीं है। उनके लिए कोई ठोस मानक निधारित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा अगर किसी गरीब का घर आपदा में बह जाता है तो राज्य सरकार द्वारा मात्र 5000 रुपये का चेक देकर उसके साथ मजाक किया जा रहा है। यह राशि न तो उनके नुकसान की भरपाई कर सकती है और न ही उन्हें कोई वास्तविक सहायता प्रदान करती है। सुमित ने सरकार से मांग की कि आपदा प्रभावित परिवारों को त्वरित और वास्तविक मदद उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता को उनकी जरूरत के समय पर पर्याप्त सहायता प्रदान करना सरकार का कर्तव्य है। साथ ही उन्होंने स्थानीय प्रशासन और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नहरों और नालियों की सफाई का कार्य शीघ्रता से पूरा करें ताकि जलभराव की समस्या का समाधान हो और किसी भी प्रकार की अनावश्यक दिक्कतों से जनता को बचाया जा सके।विधायक ने कहा कि वे जनता के साथ हैं और हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए तत्पर हैं। इस दौरान मोहन सिंह बिष्ट, शमशाद, दिवेश तिवारी, शैलेन्द्र दानू, लाल सिंह पवार सहित अन्य स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# जलभराव के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। झाड़ी नंबर सात, आठ व नौ नंबर गांव में बैगुल नदी में आई बाढ़ का पानी भरने से ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट गया। गुस्साए ग्रामीणों ने समस्या के स्थाई व शक्तिफार्म पुलिस चौकी प्रभारी जगदीश चंद्र तिवारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों का कहना था कि हर वर्ष बाढ़ के पानी से तीनों गांव डूब जाते हैं, लेकिन शासन- प्रशासन इसका से रोका जाए। इसका स्थाई समाधान किया जाए। बाद में पुलिस प्रशासन के समझाने पर लोगों ने धरना समाप्त किया। धरने में बैठने वालों में शरद गाईन, रंजीत पाल,दुलाल राणा, चितरंजन



समाधान के लिए शनिवार को शक्तिफार्म सितारगंज मार्ग पर बैगुल पुल पर धरना प्रदर्शन किया। जिससे सड़क के दोनों और जाम लग गया। सूचना पर उप जिला अधिकारी रविंद्र कुमार, तहसीलदार पूजा शर्मा, थाना सितारगंज स्थाई समाधान नहीं निकालता है। कहा कि ग्राम नौ नंबर क्षेत्र के खैर व यूकेलिप्टिस के जंगल के बीच बैगुल नदी का बांध टूट जाने से बाढ़ का पानी गांव में घुस रहा है। बांध के टूटे हिस्सों को तत्काल सही कर गांव में पानी भरने व्यापारी, संजय ओझा, बाबू गायन, किरण हालदार, जगदीश वसु, सुजन, गौतम आदि रहे। ग्राम अरविंद नगर के प्रधान पति पंकज बसु ने बताया कि इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा से बात की है।


